आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। बसपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अमरोहा संसदीय सीट पर पार्टी प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में आज एक जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि बसपा केवल काम करने में विश्वास करती है, इसलिए घोषणा पत्र जारी नहीं करती है । इसका प्रमाण बसपा अपने कार्यकाल में सबका विकास करके दे चुकी है। उन्होंने गाजियाबाद में भी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया । भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कल मथुरा में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सशक्त और समृद्ध बनाया है। उन्होंने अपनी जनसभा में राममंदिर निर्माण और अनुच्छेद तीन सौ सत्तर का मुद्दा प्रमुखता के साथ उठाया । वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और सपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी कल अमरोहा के गठनबंधन प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए है। वहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन इस चुनाव में अधिकतम सीटें जीतेगा।इस बीच, प्रदेश में तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों के लिये एक सौ बयासी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की कल जांच की गयी। नाम वापसी की अंतिम तिथि बाइस अप्रैल है। मतदान सात मई को होगा।

****

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को विभिन्न जिलों में जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में आज वाराणसी के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत महिला स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । यह रैली उदय प्रताप कॉलेज से रवाना हुई और शहर के मुख्यमार्गों से होते हुए सर्किट हाउस पर आकर सम्पन्न हुई। जिले के बंगाली टोला इंटर कॉलेज में भी कल समूह गीत, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया । उधर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में भी विविध आयोजनों के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहां पर होटल एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी आगामी छब्बीस अप्रैल को मतदान के बाद इसका निशान दिखाने पर छूट देने की घोषणा की है।

****

आज जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती आदर और श्रद्धा के साथ मनायी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, विश्व की प्राचीनतम जीवंत सभ्यता तो है ही, यह मानवता की आश्रय–स्थली भी है।

उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर प्रदेशवासियों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि महावीर स्वामी की दिव्य शिक्षाएं सदैव प्रासंगित रहेंगी । कुशीनगर जिले के फाजिलनगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में धर्मावलंबियों ने महावीर स्वामी की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की। अमरोहा जिले में इस मौके पर रथयात्रा निकाली गयी जो मुख्य मंदिर से होते हुए कोट जैन मंदिर पर सम्पन्न हुई।

****

दक्षिण भारत से वाराणसी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये नाटकोट्टम क्षत्रम के द्वारा श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम नाम से दस मंजिला धर्मशाले का निर्माण कराया जाएगा । केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में वाराणसी के सिंगरा में प्रस्तावित एक सौ पैंतीस कमरे के इस धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया । एक सौ पैंतीस कमरे का यह धर्मशाला पंद्रह हजार स्क्वायर फीट में बनेगा। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर कहा कि व्यापार के क्षेत्र में दक्षता रखने वाले इस समुदाय द्वारा बनाये जाने वाला धर्मशाला अपने उद्देश्य में सफल होगा ।

****

पीलीभीत मैलानी जंक्शन रेलखंड पर इस महीने से तीन नयी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन शुरू हो जाएगा । रेलवे के इज्जतनगर मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि लालकुआं से हावड़ा जंक्शन के बीच पच्चीस अप्रैल से साप्ताहिक ट्रेन चलेगी । वहीं रामनगर से लखनऊ के बीच छब्बीस अप्रैल को, जबकि लालकुआं से वाराणसी के बीच उन्तीस अप्रैल से विशेष रेलगाड़ियां शुरू की जाएंगी। आमान परिवर्तन के कारण पिछले छह वर्षों से यह रेलखंड बंद चल रहा था।

****

पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ लू से जनजीवन प्रभावित है । इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में दिन भर की भीषण गर्मी और लू से आज शाम को अचानक थोड़ी सी राहत मिली । इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। दिन में तेज धूप और गर्म हवा चलेगी, वहीं पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। कुशीनगर जिले में तापमान बढ़ने और लू चलने से डायरिया के मरीज सामने आ रहे हैं। आज दिन में वहां का तापमान पैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

****